प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 21.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राजस्थान से उत्तर प्रदेश के 19 स्टेशनों समेत 103 अमृत भारत स्टेशनों का करेंगे उद्घाटन : आधुनिक सुविधाओं से युक्त सिटी सेंटर के रूप में विकसित किये गये हैं स्टेशन।**
2. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा बैठक को किया संबोधित : कहा– दिव्यांगों के शिक्षण संस्थानों में सुनिश्चित की जाये संवदनशील व्यवस्था।**
3. **प्रदेश के सभी चिड़ियाघर और इटावा लॉयन सफारी बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए 27 मई तक के लिये बंद : वन राज्य मंत्री डॉ0 अरुण कुमार सक्सेना ने कहा– बरती जा रही ह विशेष सतर्कता।**
4. **प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में अगले एक हफ्ते तक गरज चमक के साथ हो सकती है बारिश : मौसम विभाग ने कुछ जगहों पर ओलावृष्टि की भी जताई आशंका।**

———————————

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल राजस्थान में बीकानेर से प्रदेश के 19 स्टेशनों समेत एक सौ तीन अमृत भारत स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। 19 स्टेशनों में उत्तर रेलवे के**

बिजनौर, सहारनपुर, उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज का करछना, कानपुर का गोविंदपुरी, पुखरायां, आगरा में ईदगाह जंक्शन, फतेहाबाद, गोवर्धन शामिल हैं। झांसी मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि इन स्टेशनों को विकसित भारत की संकल्पना को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। बाइट....

*जो बिल्डिंग का जो फसाद है वो इम्प्रूव किया गया है उस एक नए लुक में आ गया है सर्कुलेटिंग एरिया काफी बड़ा किया गया है पार्किंग स्थल बनाए गए हैं लैंडस्केपिंग की गई है ट्रेन के बारे में सूचना प्रणाली जो ट्रेन एडुकेशन बोर्ड होता है कोच की पोजीशन जो बताता है और ट्रेन की पोजीशन बताता है उसका निर्माण कराया गया है वेटिंग हॉल को इम्प्रूव किया गया है इस तरह से जितने भी पैसेंजर सर्विसेस हैं हर चीज़ को इम्प्रूव किया गया है इन स्टेशनों पर आपका चाहे नाइट हो या डे हो ये लक़ ही इसका बदल गया है ये हमारे विकसित भारत के को दर्शाता है।*

वहीं उत्तर पूर्व रेलवे के मैलानी, गोंडा के स्वामी नारायण छपिया, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, गोला गोकर्ण नाथ स्टेशन, रामघाट हाल्ट, थावे, इज्जतनगर, बरेली सिटी, उझानी और हाथरस सिटी स्टेशन को भी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया गया है।

उत्तर पूर्व रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि इन स्टेशनों के पुनर्विकास में स्थानीय संस्कृति, आधुनिक वास्तुकला और उत्कृष्ट यात्री सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। बाइट....

*एक सौ नब्बे करोड़ से अधिक की लागत से इन स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया है जिसमें स्थानीय संस्कृति, आधुनिक वास्तुकला एवं*

*उत्कृष्ट यात्री सुविधा तीनों का समन्वय रखा गया है। इन स्टेशनों के बन जाने से यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधा तो मिल ही रही है। साथ ही साथ इन स्टेशनों को सिटी सेंटर के रूप में डेवलप किया गया है।*

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इन स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त कर सिटी सेंटर के रूप में फिर से विकसित किया गया है। गोवर्धन रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के साथ साथ प्रवेश द्वार को स्थानीय संस्कृति के अनुरुप सुसज्जित किया गया है। नई सुविधाओं को लेकर यात्रियों में खासा उत्साह है। गोवर्धन के निवासी मयूर कौशिक ने प्रधानमंत्री का आभार जताया है। बाइट....

*पहले यहाँ स्टेशन पर कोई व्यवस्था ठीक नहीं थी। पहले जल की व्यवस्था नहीं थी। बैठने की व्यवस्था नहीं थी पर्याप्त पेड़ पौधे भी नहीं थे लेकिन अब जो विकास जो हुआ है इसका पुनर्स्थापित हुआ है। इससे ज़रूर जनता को लाभ मिलेगा। हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने इसको चुना है। हम बड़े हर्षित है।*

———————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सशस्त्र बलों के सम्मान में देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में आज बाराबंकी जिले में एक विशाल भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। अमरोहा में भी लोगों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर भारतीय सेना के शौर्य को नमन किया।

———————

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के

शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता मेजर होशियार सिंह का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट....

*हरियाणा में जन्मे मेजर होशियार सिंह जून 1963 में तीसरी ग्रेनेडियर्स रेजिमेंट में शामिल हुए। 1971 में भारत–पाक युद्ध के दौरान बटालियन को बसंतर नदी पर एक पुल बनाने का काम सौंपा गया था, जो दोनों तरफ गहरी बारूदी सुरंगों से ढकी हुई थी। मेजर सिंह सी कंपनी के कमांडिंग ऑफिसर थे, जिन्हें जरपाल इलाके पर आक्रमण करने का निर्देश दिया गया था। कंपनी पर दुश्मन की ओर से मशीनगनों से भारी गोलाबारी हुआ। दुश्मन की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, मेजर होशियार सिंह हिम्मत नहीं हारे और अपने जवानों को प्रेरित हुए एक खाई से दूसरी खाई तक आगे बढ़ते गए। जब वे अपने जवानों को प्रोत्साहित कर रहे थे, तभी दुश्मन का एक गोला मीडियम मशीन गन पोस्ट के पास आकर गिरा, जिससे चालक दल के लोग घायल हो गए। मेजर होशियार सिंह स्थिति को समझते हुए तुरंत मशीन गनपिट की ओर दौड़ लगाई और खुद गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद गन को संभाला और दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाया। हमले को सफलतापूर्वक मुकाबला किया गया और दुश्मन के कमांडिंग ऑफिसर सहित 85 जवान मारे गए। मेजर होशियार सिंह को उनकी वीरता और कर्तव्य के प्रति अडिग समर्पण के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें सलाम करता है। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांग युवाओं के लिए संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता पर

बल दिया है। लखनऊ में आज दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि समस्त कल्याणकारी योजनाएं पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुसज्जित हों तथा लक्षित लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से लाभ प्रदान करें। पेश है एक रिपोर्ट....

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मानसिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों तथा 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' विद्यालयों का व्यापक निरीक्षण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए। बैठक में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और पिछड़ा वर्गकल्याण विभाग की योजनाओं, उपलब्धियों तथा कार्ययोजनाओं की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि मोटराइज्ड ट्राई साइकिल योजना में सांसदों और विधायकों से भी अपनी निधि से सहयोग देने का आग्रह किया जाए। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए प्रदेश के सभी चिड़ियाघर और इटावा लॉयन सफारी को 27 मई तक के लिये बंद कर दिया गया है। इस दौरान आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। प्रदेश के वन राज्य मंत्री डॉ0 अरूण कुमार सक्सेना ने बताया कि सभी चिड़ियाघरों में सतर्कता बरती जा रही है। बाइट.....

*हमारे मुख्यमंत्री ने आदेश दिया कि बर्ड फ्लू को हल्के में नहीं लेना है। ये बहुत तेजी से फैलने वाली बीमारी है जिसके अंतर्गत उन्होंने सात दिन के लिए सभी जू बंद कर दिए। गोरखपुर, कानपुर, लखनऊ और इटावा लाइन सफारी और उन्होंने कहा कि इन सभी जगह सभी जानवरों का चेकअप हो।*

गोरखपुर चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू के संक्रमण और वन्य जीवों की मौत की जांच के लिए आई केंद्रीय टीम ने कल जांच पूरी कर ली। इस दौरान टीम ने 50 से अधिक सैम्पल लिये। इटावा लॉयन सफारी के उपनिदेशक विनय सिंह ने बताया कि संक्रमण को देखते हुए सैनिटाइजेशन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

———————

प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा है कि सरकार की योजनाओं का लाभ बुंदेलखंड क्षेत्र के लोगों को मिल रहा है और काफी समय से पानी की समस्या से जूझ रहे बुंदेलखंड को राहत मिली है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार किसानों के हित में काम कर रही है और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। जल शक्ति मंत्री

ने आज जालौन जिले की माधौगढ़ तहसील के महोई ग्राम में पैंप कैनाल का भूमि पूजन किया।

———————————

प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के उच्च प्राथमिक विद्यालय और माध्यमिक स्कलों में गर्मियों की छुट्टियों के बीच आज समर कैंप की शुरुआत हुई। समर कैंप की शुरुआत बक्शी का तालाब स्थित सरैया उच्च प्राथमिक विद्यालय से स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने की। बलिया जिले के स्कूलों में शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने उत्साह से कैम्प में भाग लिया। कुशीनगर और अमरोहा में भी समर कैंप की शुरुआत हुई। मेरठ की बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी ने बताया कि समर कैंप में छात्र–छात्राओं को खेल के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है। बाइट.....

*इसमें बच्चों को योगा और आईसीटी लैब का प्रयोग, आईसीटी लैब के प्रयोग के माध्यम से जो भी कहानियाँ या प्रेरक जो भी चीज़ें सीखनी है वो इसमें गणित किट, साइंस किट का प्रयोग इसके साथ ही ग्रोइंग मतलब बच्चे जो भी अच्छा करना चाहते हैं, उनकी जिस विषय में रूचि है, उसके अकॉर्डिंग उनको प्रोत्साहित करना, उनके अंदर जो की प्रतिभा है उसको बाहर लाने का ये बहुत अच्छा अवसर है और बच्चों के अंदर क्रिएटिविटी की भावना इसके माध्यम से जागृत होगी।*

———————————

आईपीएल टी–20 क्रिकेट में आज मुंबई इंडियंस का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से हो रहा है। वहीं 23 मई को

लखनऊ में रॉयल चलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच लीग मुकाबला खेला जाएगा, पहले यह मैच बेंगलुरु में होना था।

——————————

मौसम विभाग ने अगले एक हफ्ते तक के लिए प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। कुछ जगहों पर ओलावृष्टि की भी आशंका है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की दर से तेज हवाएं चलने की संभावना है।

(समाप्त)